श्याम बाबा श्याम बाबा किरपा करो इस दास पर

श्याम बाबा श्याम बाबा किरपा करो इस दास पर
श्याम पिया रे दास पुकारे भगतो की नैया बाबा तेरे ही सहारे
श्याम बाबा श्याम बाबा किरपा करो इस दास पर

मोह माया के जाल में ऐसे जकड़े है
काम क्रोध मध लोब के पाए पकड़े है
कैसे निकले बाहर रस्ता भूल गए
फंदों ही फंदों में हम तो छोल गए
श्याम पिया रे दास पुकारे भगतो की नैया बाबा तेरे ही सहारे

हम गलती पर गलती भगवान करते है
लेकिन फिर भी प्रेम तुम्ही से करते है
ज्ञान दीप पर अंधियारों के डेरे है
काले काले बादल हम को घेरे है
श्याम पिया रे दास पुकारे भगतो की नैया बाबा तेरे ही सहारे

तेरी दया से तेरी ज्योत जगाई है पूर्व जन्म की पूंजी सामने आई है
ऐसा वर दे श्याम तेरे गुण गाये हम
नंदू मंजिल श्री चरणों की पाए हम
श्याम पिया रे दास पुकारे भगतो की नैया बाबा तेरे ही सहारे

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21828/title/shyam-baba-shyam-baba-kirpa-karo-is-daas-par

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |